Fourteenth Loksabha

Session : 8
Date : 23-08-2006

Participants : Chavda Shri Harisinh

an>

Title : Regarding flood situation in Gujarat.

श्री हरिसिंह चावड़ा (बनासकांठा) : महोदय, मेरे क्षेत्र बनासकांठा और लाखनपुर में बारिश की वजह से लोग तबाह हो गये हैं, किसानों की पूरी फसल बर्बाद हो गई है और सड़कें टूट गई हैं। बाढ़ भी वहां आ गई है और स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है।...(व्यवधान) लोगों को दूसरी जगह में जाकर आश्रय लेना पड़ रहा है। मेरे क्षेत्र में, जैसे गुजरात में, सूरत में, जो तबाही मची और वहां के लोगों को बहुत परेशानी हुई लेकिन मेरी मुश्किल यह है कि सरकार का ध्यान सूरत की ओर ज्यादा आकर्ति हुआ है। इसलिए मेरे क्षेत्र की ओर सरकार ध्यान नहीं दे पाई है। मेरा भारत सरकार से निवेदन है कि मेरे क्षेत्र के लोगों के लिए, वहां के किसानों के लिए बीमा फसल का पैसा जल्दी से उनको देना चाहिए, जो सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं, उन्हें ठीक करने के लिए भी पैसा देना चाहिए। वहां जो पाठशालाएं टूट गई हैं, गरीब लोगों के मकान टूट गये हैं और बारिश के पानी से जो वहां तबाही मची है, लाखनपुर और रादनपुर में काफी गरीब लोगों के मकान टूट गये हैं और गरीब तथा किसान लोग बर्बाद हो गये हैं। इसलिए मेरा भारत सरकार से निवेदन है कि जिन गरीब लोगों के मकान टूट गये हैं, उनको इसके लिए पैसा देना चाहिए। बनासकांठा और रादनपुर क्षेत्र के लिए स्पेशल ग्रांट ईअर मार्क करके देनी चाहिए, ऐसी मेरी भारत सरकार से विनती है।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय :सोलंकी जी को एशोसिएट कर देना।

श्री हरिसिंह चावड़ा : सर, मैं एक बात और कहना चाहता हूं। वहां रादनपुर क्षेत्र में सारे क्षेत्र में पानी भरा हुआ है। वहां पानी छोड़ने के लिए एक कब्रिस्तान को लोग तोड़ने लग गये तो लोग आ गये और तीन-चार लोग मर गये।...(व्यवधान)

श्री मधुसूदन मिस्त्री (साबरकंठा) : उपाध्यक्ष महोदय, मेरा भी नोटिस इसी पर है।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय :आप नोटिस दे दीजिए। आपको एशोसिएट कर देंगे।

श्री मधुसूदन मिस्त्री (साबरकंठा) : उपाध्यक्ष महोदय, वहां कई लोग मारे गये हैं। ...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय :रिकार्ड पर नहीं जाएगा।

*(Interruptions)**